तापमान

अधिकतम 40 डिग्री

न्यूनतम 25 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 30 अप्रैल 2024

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

4 हनुमंत कथा का श्रद्धालुओं ने खूब किया रसपानः एकता



बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल
लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें :- 7400009183

## अनदेखी के कारण गंदगी से पट रहे, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

# शहर के प्राचीन कुएं का अस्तित्व खतरे में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कुछ वर्षों पूर्व तक पेयजल प्राप्त करने का प्रमुख स्त्रोत कुआं हुआ करता था, इसके कारण एक समय में कुएं का विशेष महत्व रहा। कुएं की महत्ता को देखते हुए एक कहावत भी बनी कि प्यासा कुएं के पास जाता है, लेकिन विकास की गति बढ़ने के साथ ही कुओं की उपयोगिता लगभग खत्म हो गई है।

यही कारण है कि कुएं की समय-समय पर देखरेख नहीं होने के कारण आज कई कुएं अपना अस्तित्व खो चुके हैं या फिर देख भाल के अभाव में कुएं गंदगी से पटी हुई है। आने वाले समय में कुएं सिर्फ इतिहास की बातें बनकर रह जाएगी। वर्तमान समय में ग्रामीण क्षेत्रों में कुएं का महत्व सिर्फ विवाह सहित अन्य संस्कार को संपादित करने में ही किया जाता है। शहर हो या गांव अब कुएं के देखरेख की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, इसके कारण कुएं का अस्तित्व अब सिमटता जा रहा है। एक जमाने में कुएं पेयजल प्राप्त करने का प्रमुख स्त्रोत हुआ करता था, जहां से बाल्टी में लोग पेयजल प्राप्त करते थे और सिंचाई का उपयोग भी करते थे। कुछ दशक से कुएं की उपयोगिता कम होने लगी और अब तो गांव में भी कुएं सिमटते जा रहे हैं। शहरी क्षेत्र में तो कुएं को अब पाटने लगे हैं और मकान निर्माण करा रहे हैं। जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में कई निजी कुएं को लोगों के द्वारा पाट दिया गया है, लेकिन कुछ जगहों पर प्राचीन सार्वजनिक कुएं स्थित हैं, लेकिन उनकी देखभाल नहीं किए जाने के कारण या तो खंडहर होते जा रहे हैं या फिर कुएं में गंदगी पटी हुई है। कुल मिलाकर वर्तमान समय में शहरी क्षेत्रों में कुएं का कोई महत्व नहीं है।





गंदगी से पटी बदहाल कुएं।

### भीषण गर्मी में भी मिलता है शीतल जल

कुछ समय पूर्व तक कुएं से पेयजल प्राप्त किया जाता है। कुएं के जल प्राप्त करने के लिए ज्यादातर लोगों के द्वारा रस्सी बाल्टी का सहारा लिया जाता था तथा कई लोग कुएं में मोटर लगाकर पेयजल प्राप्त करते थे। कुएं के जल में यह विशेषता रहती है कि गर्मी के दिनों में कुएं का जल शीतल जल प्रदान करता था, वहीं ठंड के दिनों में सुबह के समय कुएं का जल गुनगुना रहता था।

### अस्तित्व बचाने पहल की जरूरत

कुएं की महत्ता कम होने के कारण कुएं का अस्तित्व संकट में पड़ गया है, इसके लिए सार्वजनिक कुएं का अस्तित्व बचाने के लिए पहल करने की जरूरत है, ताकि शहरी क्षेत्र में स्थित पुराने कुएं का मरम्मत, साफ-सफाई कराकर उपयोगिता को सुनिश्चित की जाए, इससे कुएं का अस्तित्व बचा रहेगा।

### गांव-शहर में अब बोरिंग का सहारा

बीते कुछ वर्षो से कुएं की उपयोगिता कम होने लगी, क्योंकि शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के द्वारा बोरिंग कराकर पेयजल प्राप्त कर रहे हैं। वहीं सरकारी तौर पर गांव-गांव में हैंडपंप, सोलर पंप लगाया गया है, जिसके माध्यम से आसानी से लोगों को पेयजल प्राप्त हो रहा है। यही कारण है कि लोग कुएं पर निर्भरता धीरे-धीरे कम करते चले गए और आज लगभग कुएं की उपयोगिता बहुत ही कम हो गई है। जिसके कारण ही कुएं की देख-रेख भी नहीं की जा रही है। अब कोई भी व्यक्ति पेयजल के लिए कुएं नहीं खोदवाता, बल्कि बोर ही खनन कराता है।



पशु-पक्षियों के लिए रखे जा रहे नाद।

# पशु-पक्षियों के पानी पीने के लिए लगाया नाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

क्षेत्रीय चिकित्सालय चरचा कॉलरी में कार्यरत दिनेश देवांगन ने अपने स्व. पिताजी प्यारेलाल के स्मृति पर नेक काम करने का जिम्मा लिया है, इसे लेकर श्री देवांगन ने साथी हाथ बढ़ाना के नाम से एक टीम तैयार किया है जो अपने पिता स्व. प्यारेलाल के नाम से लोगों की मदद करने को ठाना है।

बीते वर्ष 2023 में पिता के नाम से बैकुंठपुर रोड रेलवे स्टेशन में असहाय विकलांग एवं बुजुर्गों के लिए व्हील चेयर, स्ट्रेचर की व्यवस्था की थी, जो आज भीषण गर्मी को देखते हुए पशु-पक्षियों के लिए जगह-जगह नाद की व्यवस्था कराया है। अपने साथियों की मदद से खरवत गेट, चरचा बस स्टैंड से लेकर चरचा में 50 पीस से अधिक नाद और चिड़िया पंछियों के लिए उनके दाना पानी चुंगी का इंतजाम किया है। साथ ही लोगों से अपील किया है कि इस नाद को खाली न रखें। पानी का महत्व भीषण गर्मी में ही समझ आता है। प्यासे को पानी पिलाना सबसे अधिक पुण्य का काम है। इस गर्मी में सबसे अधिक कोई परेशान हैं तो वह बेजुबान पक्षी व जंगली जानवर, हम अपने आसपास के पक्षियों की प्यास तो बुझा ही सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### प्राइमरी और मिडिल के परीक्षा परिणाम आज

**बैकुण्ठपुर।** जिले के प्राथमिक एव पूर्व माध्यमिक विद्यालयों के कक्षाओं का वार्षिक परीक्षा परिणाम 30 अप्रैल को जारी की जाएगी, इसके लिए 30 अप्रैल को उक्त विद्यालयों के विद्यार्थी अपना परीक्षा परिणाम प्रगति पत्रक लेने के लिए पहुंचेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग ने बीते 22 अप्रैल से बच्चों का अवकाश घोषित कर दिया है, लेकिन इस दौरान शिक्षक विद्यालय पहुंच कर अपने विभागीय कार्य को संपादित कर रहे थे। 30 अप्रैल को प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम जारी किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि उपलब्धि हासिल करने वालों को जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया है कि ऐसे बच्चे जो अच्छे अंक लाए हो, वर्षभर में जिनकी ज्यादा उपस्थिति हो या फिर अन्य उपलब्धि हो, ऐसे बच्चों को प्रगति पत्रक वितरण करने के साथ ही विद्यालय स्तर पर सम्मानित करें, जिससे कि बच्चों में उत्साह बना रहे।

### 87 प्रतिशत अंक हासिल कर प्राची ने बढ़ाया मान



**बैकुण्ठपुर।** पटना स्थित पीएस एकेडमी की छात्रा कुमारी प्राची ने 87 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल सहित अपने माता-पिता एवं गुरूजन का मान बढ़ाया है। कुमारी प्राची ग्राम अमहर शोभापारा निवासी बीरेन्द्र कृष्ण कुशवाहा की पुत्री है। प्राची शुरू से ही मेघावी छात्रा रही है। कुमारी प्राची के इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता, यातायात विभाग के लांस नायक डॉ. महेश मिश्रा एवं स्कूल के डायरेक्टर प्रदीप साहू के द्वारा छात्रा को सर्टिफिकेट प्रदान किया गया।

### ऑडियो रिकॉर्डिंग से कर रहे मतदान के लिए प्रेरित

**बैकुण्ठपुर।** कोरबा लोकसभा संसदीय निर्वाचन में तृतीय चरण के लिए मतदान होने में महज एक सप्ताह शेष हैं। तेज गर्मी के बावजूद निर्वाचन आयोग व स्वीप कार्यक्रम के तहत अलग-अलग विधाओं, गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को 7 मई को होने वाले मतदान के लिए प्रेरित करने में पूरे अमले जुटे हुए हैं। जिला निर्वाचन से मिली जानकारी के मुताबिक एक अनूठी पहल करते हुए रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड में यात्रियों को 7 मई को होने वाले मतदान के लिए ऑडियो ट्यून के माध्यम से मतदान करने के लिए प्रेरित की जा रही है। ऑडियो में हिंदी व अंग्रेजी भाषाओं में मतदान के लिए यात्रियों से अपील की जा रही है कि कृपया यात्रीगण ध्यान दें 7 मई मंगलवार को लोकसभा का मतदान होना है। मतदान दिवस के दिन सुबह 7 से शाम 6 बजे तक लोकसभा निर्वाचन के लिए अपनी माताधिकार का प्रयोग अवश्य करें और जिम्मेदार नागरिक बने। विदित हो कि स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को आमंत्रण कार्ड देकर मतदान करने के लिए अपील की जा रही है तो शासकीय, अशासकीय संस्थाओं, कार्यालयों में भी मतदान को लेकर उत्सुकता बनी हुई है और मतदान करने का संकल्प भी ले रहे हैं,ताकि जिले में शत-प्रतिशत मतदान हो सके।

# गर्मियों में पानी की किल्लत से बचने निगम ने तैयार कराए संपवेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भीषण गर्मी के दौरान पानी की किल्लत से बचने के लिए नगर निगम ने अभी से अपनी तैयारियां पूर्ण कर ली है। शहर के कई वार्डों में भूमिगत जल स्त्रोत से पानी सप्लाई के लिए सम्पवेल निर्माण का कार्य अब पूर्णता की ओर है। वर्तमान में बांकी डेम में भी इतना पानी मौजूद है कि आधे जून माह तक बिना किसी समस्या के सभी वार्डों में पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध हो सकता है इसके साथ ही आने वाले समय में नगर निगम घुनघुट्टा बांध के कतकालो फिल्टर प्लांट की क्षमता में वृद्धि करने के साथ ही पानी की बचत कर शेष वार्डों में सप्लाई की जाएगी। बता दें कि बांकी जलाशय में जल भराव में कमी आने के साथ ही शहर को गर्मी के समय में पानी की किल्लत से जूझना पड़ रहा है। विगत कुछ वर्षों में शहर को पेयजल की समस्या सामने आई है और लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा था ऐसे में इस बार नगर निगम द्वारा पहले से ही पानी की समस्या से बचने के लिए तैयारियां की जा रही थी। नगर निगम द्वारा शहर के कुछ हिस्सों में भूमिगत जल स्त्रोत का उपयोग गर्मी के दिनों में करने का निर्णय लिया गया। निगम सरकार द्वारा शहर के पश्चिमी क्षेत्रों पटपरिया, भगवानपुर, सुभाष नगर, माखन विहार सहित अन्य टंकियों का चिन्हांकन किया है। इन स्थानों पर ग्राउंड वाटर उपलब्ध है ऐसे में निगम द्वारा क्षेत्र में बोर कराने के साथ ही पानी एकत्रित कर सप्लाई करने के लिए सम्पवेल का निर्माण कराया गया है। ननि क्षेत्रों में सम्पवेल के निर्माण का कार्य लगभग पूर्णता की ओर है और अगले 15 से 20 दिनों में काम पूर्ण हो जाएगा। इसके साथ ही नगर निगम द्वारा इन टंकियों में कतकालो फिल्टर प्लांट से आने वाले पानी को वार्डों में उन स्थानों पर डायवर्ट किया जाएगा जहां पानी की समस्या होती है। बताया जा रहा है कि इस तरह नगर द्वारा 3 एमएलडी पानी की बचत कर उन्हें दूसरे वार्डों में भेज जाएगा जबकि उक्त टंकियों में बोर के माध्यम से भूमिगत जल का भराव कर वार्डों में पानी की सप्लाई की जाएगी।



### तेजी से चल रहा काम

शहर के पश्चिमी क्षेत्र में बोर के माध्यम से पानी सप्लाई की जाएगी इसके लिए सम्पवेल के निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है। कतकालो प्लांट में भी तीन एमएलडी तक क्षमता का विस्तार किया जा रहा है। इससे हम गर्मी के समय लगभग 5 से 6 एमएलडी पानी की व्यवस्था कर सकेंगे। बांकी डेम में भी पर्याप्त पानी उपलब्ध है।

-डॉ. अजय तिर्की, महापौर

## मक्के की खेती से बिखर रही हरियाली...



**बैकुण्ठपुर।** इस भीषण गर्मी में जिले के कई जगहों पर किसानों के द्वारा गर्मी वाली मक्के की फसल उगाई है, जो तेज धूप के बीच भी हरियाली बिखेर रही है। गर्मी के मक्के की फसल में अब बालियां आनी शुरू हो गई है, जो कि मई के अंतिम दिनों में मक्का के रूप में तैयार हो जाएगी।

# पीला चावल देकर मतदान केन्द्र तक आने का दिया गया न्यौता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत जनपद पंचायत खड़गवां में शत-प्रतिशत हो, इसके लिए जिले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी.राहुल वेंकट के निर्देशन तथा परियोजना निदेशक नितेश उपाध्याय के मार्गदर्शन में लगातार मतदाता जागरूकता से संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी कड़ी में सोमवार को एक नया विचार के साथ ग्रामीणों ने एक नया पहल चालू किया है। ग्रामीणों पीला चावल तैयार कर लोगों को मतदान करने के लिए न्योता दे रहे हैं। इसके तहत 29 अप्रैल को विकासखंड भरतपुर के ग्राम कंजिया, घटई, मन्नौढ़, चाटी तथा विकासखंड मनेन्द्रगढ़ के डोमनापारा, भल्लौर, साल्ही, खैरबना, डगौरा, छिपछिपी, सलवा तथा विकासखंड खड़गवां के ग्राम पंचायत दुबछोला, पोड़ी, कटकोना, बंजारीडांड़, कौड़ीमार, पटमा, कोड़ा तथा खड़गवां में स्वीप कार्यक्रम के तहत निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान करने के लिए शपथ लिया गया।



### भतीजे ने चाचा से मारपीट कर जलाया सामान

**सूरजपुर।** पुरानी रंजिश को लेकर भतीजे ने पहले चाचा की बेदम पिटाई की फिर उसके शौचालय व नहानी का दरवाजा तोड आग लगा दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। बसदेई अंतर्गत ग्राम बांसापारा निवासी परमेश्वर साहू घर में अकेला था जबकि पत्नी व बच्चे एक सप्ताह पूर्व रायपुर गए थे। गत दिन शाम को परमेश्वर काम करने के पश्चात घर के बाहर हाथ पैर धो रहा था तभी भतीजा सर्वेश साहू पहुंचा और चाचा को पकड़ बडे पिता पूरन साहू के घर चलने की बात कही। जब दोनो पूरन के घर के सामने पहुंचे तभी भतीजा ने पुरानी रंजिश को लेकर चाचा की पिटाई कर दिया। घटना को देख सौरभ साहू ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। घायल चाचा घर पहुंचा तो सर्वेश पुनः उसके आया और शौचालय, नहानी के दरवाजे को तोड़कर आग के हवाले कर दिया। आग घर में आग लगने से कमरे में रखे कूलर, कपड़ा सहित अन्य सामान जल गए।

# सेजल की मतदान पर आधारित पेंटिंग सर्वश्रेष्ठ घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

चुनाव निर्वाचन आयोग एवं कलेक्टर डी.राहुल वेंकट (आईएएस) कलेक्टर सह जिला निर्वाचन अधिकारी जिला एमसीबी छग के शत-प्रतिशत मतदान के लिए चलाए जा रहे जागरूकता अभियान को विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक, योग समिति भी गति प्रदान कर रही है।

- **शत-प्रतिशत मतदान के लिए चलाए जा रहे जागरूकता अभियान**

इसी क्रम में साहित्य और कला को अखिल भारतीय मंच देने और योग्य प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए गठित हिंदी साहित्य भारती ने चिरमिरी एमसीबी जिला की सुप्रसिद्ध स्केच आर्टिस्ट सेजल गुप्ता की मतदान पर आधारित पेंटिंग को सर्वश्रेष्ठ पेंटिंग घोषित किया है। इस पेंटिंग का उपयोग मतदाता जागरूकता के दौरान किया जाएगा। चिरमिरी छोटा बाजार निवासी सेजल गुप्ता ने पूर्ववर्ती सरकार के कई कैबिनेट मंत्री, अप्रवासी भारतीय चंद्रकांत पटेल, छग शासन के कई प्रमुख मंत्रियों के पेंटिंग बनाकर पुरस्कृत हो चुकी है। शिक्षा कला साहित्य अकादमी द्वारा पुरूस्कृत श्रीमती सेजल गुप्ता चिरमिरी छोटा बाजार के पेंटर राजेन्द्र गुप्ता की पुत्री है। जिला निर्वाचन आयोग एवं जिला प्रशासन के द्वारा चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता से प्रभावित होकर स्केच पेंटिंग बनाने वाली युवा आर्टिस्ट सेजल कहती है कि में पेंटिंग के माध्यम से मैंने आम मतदाताओं से अपील की है कि वे मतदान दिवस के दिन जरूर मतदान करें। सेजल के पेंटिंग में एक दिव्यांग मतदाता का जज्बा दिखाया गया है, जिसके दोनों हाथ नहीं है और वह पोलिंग बूथ में जाकर अपने पैर की उंगली में अमिट स्याही लगवा रहा है।

कार्यक्रम के संयोजक सतीश उपाध्याय ने कहा कि ऐसी मार्मिक एवं अपील करते हुए पेंटिंग को वे जिला प्रशासन के संज्ञान में लाएंगे और निर्वाचन आयोग को भी प्रेषित करेंगे, जिससे मतदाता जागरूकता अभियान के तहत इसका प्रयोग किया जा सके।

हिंदी साहित्य भारती जिला संयोजक सतीश उपाध्याय ने शत-प्रतिशत मतदान करने वालों के लिए निःशुल्क योग प्रशिक्षण एवं पंजीयन की भी पूर्व में घोषणा की है।



सेजल द्वारा बनाई गई पेंटिंग

## सामान्य प्रेक्षक ने प्रशिक्षण स्थल जाकर पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों से हुए रू-ब-रू

# जिम्मेदारी के साथ गंभीरतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करें: पगारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरबा लोकसभा निर्वाचन के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक कैलाश सुखदेव पगारे ने सोमवार को सेंट जोसेफ स्कूल बैकुंठपुर जाकर प्रशिक्षण ले रहे पीठासीन, मतदान अधिकारियों व माइक्रो आब्जर्वरों से रू-ब-रू हुए।

श्री पगारे ने सेंट जोसेफ स्कूल में चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम में पीठासीन, मतदान अधिकारियों व माइक्रो आब्जर्वरों से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने प्रशिक्षण ले रहे कर्मियों से कई महत्वपूर्ण सवाल पूछे। उन्होंने प्रशिक्षण ले रहे कर्मियों से कहा कि बहुत जिम्मेवारी के साथ - साथ गंभीरतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करें। उन्होंने कर्मियों का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि लोकतंत्र के सबसे महापर्व में कार्य करने का अवसर पर मिलना महत्वपूर्ण है। आप लोग जिस तरह से प्रशिक्षण ले रहे हैं, आशा है कि मतदान दिवस 7 मई को स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्वक शत-प्रतिशत मतदान होंगे। श्री पगारे ने कहा कि कोरबा लोकसभा संसदीय निर्वाचन के तहत तृतीय चरण के लिए मतदान होने में महज एक सप्ताह शेष हैं। ऐसे में आप सब लोग तेज गर्मी के बावजूद जिस उत्साह के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं,

इसी तरह 7 मई को अपने शालीन व्यवहार के साथ जिम्मेदारी पूर्वका निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश के तहत कार्य संपन्न करेंगे। श्री पगारे ने सुविधा केन्द्र जाकर पोस्ट बैलेट के माध्यम से किए जा रहे मतदान के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी, जिला शिक्षा अधिकारी सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



प्रशिक्षण स्थल पहुंचे सामान्य प्रेक्षक।



प्रशिक्षण लेते प्रशिक्षार्थी।

### भोजन नहीं देने पर शराबी पति ने पत्नी को उतारा मौत के घाट

**डांड़गांव।** पत्नी के भोजन नहीं देने से नाराज हुए पति ने न सिर्फ पत्नी के विवाद कर मारपीट किया बल्कि सिर पर जानलेवा हमला कर मौके घाट उतार दिया। घटना के बाद फरार आरोपी पति को पुलिस 24 घंटे के भीतर ही गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।जानकारी के अनुसार ग्राम दमऊ कुंड निवासी किशुन राम शनिवार की शाम शराब के नशे में धुत्त होकर घर पहुंचा और पत्नी गीता से भोजन देने के लिए कहा परंतु पत्नी भोजन नहीं दी जिससे दोनों के बीच विवाद होने लगा। इधर 10 वर्षीय पुत्र व 14 वर्षीय पुत्र ने माता-पिता को झगड़ते देख रोते हुए दादा-दादी के सोने चले गए। इसी बीच पत्नी व पति के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि पति ने पत्नी के सिर पर जानलेवा हमला कर दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सुबह जब दोनों बच्चे घर आकर मां को उठाने लगे तो वह नहीं उठी। जिस पर बच्चों ने घटना की जानकारी घर के समीप रह रहे बड़े पापा सत्यनारायण को दी। परिजन तत्काल घर पहुंचे तो देखा गीता मृत हालत में पड़ी हुई थी। गीता के सिर के पिछले हिस्से कान के पास और गाल में चोट के निशान पाए गए। परिजन ने घटना की सूचना उदयपुर पुलिस को दी।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## क्या भारत में बैन हो गई 'मंकी मैन'? आखिर कहां अटक गई देव की हॉलीवुड फिल्म



देश की अधिकतर प्रशासनिक मशीनरी के लोकसभा चुनाव में व्यस्त होने और बीते पखवाड़े लगातार छुट्टियां होने के चलते अभिनेता और निर्देशक देव पटेल की बहुचर्चित फिल्म 'मंकी मैन' के भारत में रिलीज होने की तारीख अब तक तय नहीं हो पाई है। हिंसा के अतिरेक से भरपूर फिल्म 'मंकी मैन' में हिंदू देवी देवताओं का जिक्र पश्चिमी देशों के नजरिये से किया जाना भी फिल्म के रास्ते में बड़ी बाधा है। जानकारी के मुताबिक अब तक फिल्म को सेंसर सर्टिफिकेट नहीं मिल पाया है। भारतीय सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए हर विदेशी फिल्म को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड जिसे आम बोलचाल में सेंसर बोर्ड कहा जाता है, में आवेदन करना होता है। यूनीवर्सल पिक्चर्स फिल्म 'मंकी मैन' को भारत में रिलीज करने के लिए अरसे से बेताब रहा है और उसके स्थानीय अधिकारियों ने फिल्म को सेंसर बोर्ड में जरूरी कागजात के साथ जमा भी कर दिया है। लेकिन, सेंसर बोर्ड के सूत्र बताते हैं कि ये फिल्म अब तक परीक्षण समिति (एग्जामिनिंग कमेटी) ने देखी ही नहीं है। बताया तो यहां तक जाता है कि इसके लिए समिति का गठन होना ही शेष है। परीक्षण समिति के फिल्म देखने के बाद ही किसी फिल्म को उसकी कहानी व उसके नजरिये के मुताबिक सेंसर प्रमाण पत्र मिलता है। फिल्म 'मंकी मैन' का ट्रेलर हिंसा के अतिरेक से भरा हुआ और माना यही जा रहा है कि ये फिल्म भारत में 'केवल वयस्कों के लिए' प्रमाण पत्र के साथ ही रिलीज होगी। फिल्म 'एनिमल' अपने हिंसक दृश्यों के लिए हालांकि भारत में रिकॉर्ड सफलता हासिल कर चुकी है, लेकिन फिल्म 'मंकी मैन' की दिक्कतें और भी हैं। और, इसमें सबसे ऊपर जो दिक्कत बताई जा रही है, वह है हिंदू देवी देवताओं के संदर्भ। बीच में, अफवाह ये भी उड़ी थी कि फिल्म 'मंकी मैन' को भारत में प्रतिबंधित कर दिया गया है। ब्रिटेन में रहने वाले भारतीय मूल के अभिनेता देव पटेल इस फिल्म में अभिनय के साथ साथ इसका निर्देशन भी कर रहे हैं। यह उनकी बतौर निर्देशक पहली फिल्म है। फिल्म अमेरिका समेत दुनिया के तमाम दूसरे देशों मे रिलीज हो चुकी है। पर, फिल्म के भारत में रिलीज होने का रास्ता अब तक साफ नहीं हुआ।

### टॉलीवुड

## 'गैंग्स ऑफ गोदावरी' का टीजर जारी, राउडी अंदाज भा गया



प्रभावशाली 'राउडी फेलो' और एक आकर्षक रोमांटिक-कॉम, 'चल मोहन रंगा' के साथ अपने निर्देशन की शुरुआत के बाद, प्रतिभाशाली निर्देशक कृष्णा चैतन्य ने अब एक रोमांचक नए उद्यम, 'गैंग्स ऑफ गोदावरी' के लिए युवा नायक विश्वक सेन के साथ मिलकर काम किया है। अपनी पिछली शैली से हटकर, निर्देशक और अभिनेता दोनों इस एक्शन से भरपूर फिल्म के साथ दर्शकों का दिल जीतने आ रहे हैं। इसी बीच फैंस के उत्साह को और ज्यादा बढ़ाने के लिए निर्माताओं ने इसका टीजर जारी कर दिया है। टीजर लंकला रत्ना के चरित्र का एक मनोरंजक परिचय प्रदान करता है, जो नाटकीय रूप से साई कुमार के वॉयसओवर के साथ शुरू होता है। टीजर में, हम जबरदस्त एक्शन सीक्वेंस देखते हैं जहां विश्वक सेन का प्रदर्शन काबिल-ए-तारीफ है। आंध्र प्रदेश के लंका गांवों पर आधारित यह फिल्म कुछ गिरोहों के बीच झगड़े के बारे में लगती है। साथ ही इसके कुछ दमदार डायलॉग भी दर्शकों का खासा ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। टीजर फिल्म के लिए काफी प्रत्याशा पैदा करता है। साथ ही एक अंधेरे और रोमांचकारी कथा की ओर इशारा करता है, जो राक्षसी दुनिया में लंकला रत्ना की गरीबों से अमीरी तक की यात्रा की पड़ताल करता है। युवान शंकर राजा के गहन पृष्ठभूमि स्कोर और अनिथ मधाडी के असाधारण दृश्यों के साथ, संपादक नवीन नूली की विशेषज्ञता से पूरित, 'गैंग्स ऑफ गोदावरी' एक सिनेमाई तमाशा का वादा करता है। कलाकारों में प्रमुख महिला के रूप में खूबसूरत नेहा शेट्टी और महत्वपूर्ण भूमिका में प्रतिष्ठित अंजलि शामिल हैं। सूर्यदेवरा नागा वामसी और साई सौजन्या द्वारा निर्मित, यह फिल्म कृष्ण चैतन्य के निर्देशन कौशल का एक नया पहलू दिखाती है, जो दर्शकों को एक महाकाव्य अनुभव देने के लिए तैयार है।

### भोजपुरी

## यश कुमार की 100वीं फिल्म 'दिलदार सांवरिया 2' की शूटिंग हुई शुरू



भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने सितारे यश कुमार अपनी 100वीं फिल्म 'दिलदार सांवरिया 2' लेकर हाजिर हैं। उनकी पहली फिल्म 'दिलदार सांवरिया' भी लोगों को काफी पसंद आई थी। यश कुमार ने कहा- मेरी पहली फिल्म भी 'दिलदार सांवरिया' थी, जिसको दर्शकों ने खूब सराहा था और तब मैंने यह नहीं सोचा था कि एक दिन ऐसा आएगा जब हम अपनी 100 वीं फिल्म के रूप में अपनी पहली फिल्म का सीक्वल कर रहे होंगे। उन्होंने आगे कहा, 'लेकिन यह मेरे लिए बेहद सुखद अनुभूति वाला पल है कि हम एक और अच्छी फिल्म लेकर दर्शकों के बीच आ रहे हैं जो मेरी जिंदगी के लिए सबसे महत्वपूर्ण होने वाली है। यह दर्शकों के प्यार और आशीर्वाद के बिना संभव नहीं था। इसलिए मैं अपने दर्शकों से आग्रह करूंगा कि जब यह फिल्म भी रिलीज हो तो आप सभी इस सुपर-डुपर हिट बनाएं।' वहीं इस फिल्म को लेकर फिल्म के निर्देशक प्रमोद शास्त्री ने भी यश कुमार को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। फिल्म के मुहूर्त पर यश कुमार का आभार जताते हुए उन्होंने कहा कि मुझे अपनी 100वीं फिल्म में निर्देशन का मौका देने के लिए आभार। हम कामना करते हैं कि आप भोजपुरी सिनेमा में ऐसे ही आने वाले लंबे समय तक काम करते रहें।

लाइफ स्टाइल



## इंतजार नार्वे की बहार का

नॉर्वेजियन फैशन वीक फरवरी में रद्द कर दिया गया लेकिन उम्मीद जताई जा रही है कि अगस्त में पूरी शान के साथ लौटेगा। यह आज नॉर्वेजियन फैशन के लिए नॉर्वे में सबसे बड़ा प्रदर्शन मंच है। आयोजकों ने उम्मीद जताई है कि भविष्य में और बेहतर ढंग से यह फैशन की दुनिया के सामने आएगा। फिलहाल नार्वे में मॉडल इंतजार कर रहे हैं फैशन वीक की तारीख घोषित होने की।

## वैक्सिंग के बाद रूखे हो जाते हैं हाथ-पैर तो इनका करें इस्तेमाल



गर्मी का मौसम शुरू हो गया है। ऐसे में लोगों की त्वचा में भी कई तरह के बदलाव होने लगते हैं। महिलाएं इस मौसम में अपनी त्वचा का खास ध्यान रखती हैं, लेकिन फिर भी कुछ न कुछ परेशानी सामने आती रहती है। खूबसूरत दिखने के लिए महिलाएं अपने शरीर से अनचाहे बालों को हटाती हैं। इसके लिए वैसे तो कई तरह की हेयर रिमूवल क्रीम बाजार में मिल जाती है, लेकिन महिलाओं को अनचाहे बाल हटाने के लिए वैक्सिंग सबसे सही विकल्प लगता है।

वैक्सिंग द्वारा बाल हटाने में काफी दर्द होता है, लेकिन इससे आपकी त्वचा के अनचाहे बाल पूरी तरह से साफ हो जाते हैं। कई बार ये देखा जाता है कि वैक्सिंग के बाद त्वचा काफी रूखी हो जाती है। ऐसे में आप कुछ चीजों का इस्तेमाल करके इस रूखेपन से राहत पा सकते हैं। इस लेख में हम आपको इन्हीं चीजों के बारे में बताएंगे, जिनके इस्तेमाल से आपकी त्वचा भी मुलायम हो जाएगी।

**घी:** त्वचा पर घी लगाने से स्किन की काफी परेशानी कम हो जाती हैं। अगर वैक्सिंग के बाद आपकी त्वचा में जलन हो रही है, और त्वचा रूखी हो गई है, तो भी आप घी का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे आपको तत्काल राहत मिलेगी।

**एलोवेरा:** एलोवेरा में मौजूद तत्व त्वचा को ठंडक पहुंचाने का काम करते हैं। ऐसे में वैक्सिंग के बाद आप अपनी त्वचा पर एलोवेरा लगा सकते हैं। इससे त्वचा काफी मुलायम हो जाती है।

**गुलाब जल और ग्लिसरीन :** इन दोनों चीजों को मिलाकर अगर आप त्वचा पर लगाएंगे, तो आपको स्किन के रूखेपन से राहत मिलेगी। ये त्वचा की कई अन्य परेशानियों को भी कम करने में मदद करता है।

**मलाई:** अगर आपके फ्रिज में मलाई रखी है, तो त्वचा को मुलायम बनाने के लिए आप मलाई का इस्तेमाल कर सकती हैं। मलाई के इस्तेमाल से आपकी स्किन बहुत ही ज्यादा सॉफ्ट हो जाती है और आप बार-बार रूखेपन से परेशान नहीं होंगे।

## सिंपल सलवार-सूट लुक को खास बनाने में मदद करेंगे पोंचे के ये डिजाइंस



फैशन

सूट लुक को खास बनाने के लिए डिजाइन और पैटर्न को बॉडी टाइप के अनुसार ही स्टाइल करना चाहिए। इसके लिए आप लेटेस्ट फैशन ट्रेंड पर नजर डालें। रोजाना पहनने हो या किसी ओकेजन के लिए कम्फर्टेबल लुक को कैरी करना हो। इसके लिए सलवार-कमीज बेस्ट ऑप्शन होता है। आमतौर पर कमीज के डिजाइंस में आपको काफी तरह की वेरायटी देखने को मिल जाएगी, लेकिन क्या आप जानती हैं कि स्टाइलिश दिखने के लिए आप सलवार को भी कस्टमाइज कर सकती हैं। सलवार के लिए आप इसके पोंचो पर काफी तरह के डिजाइन बनवा सकती हैं। तो चलिए देखते हैं सलवार के पोंचें के लिए कुछ खास डिजाइंस। साथ ही, बताएंगे आपने सलवार-कमीज लुक को स्टाइल करने के आसान टिप्स-

### पर्ल डिजाइन सलवार

पर्ल में आपको कई तरह के कलर ऑप्शन भी देखने को मिल जाएंगे। ज्यादातर इस तरह के मोती का इस्तेमाल पेस्टल कलर की सलवार में आप कर सकती हैं। इसके आलावा चाहे तो कट वर्क करके आप फैंसी लुक देने के लिए इस तरह से कई सारे पर्ल मोती को सलवार में लगवा सकती हैं। इसका पैकेट आपको 50 रुपये से भी कम में आसानी से मिल जाएगा।




### गोटा-पट्टी लेस डिजाइन सलवार

लेस वर्क को काफी तरह से कस्टमाइज करवाकर आप सूट की सलवार में लगवा सकती हैं। ज्यादातर इसका इस्तेमाल प्लेन फैब्रिक को थान से खरीदकर बनवाएं सूट को फैंसी लुक देने के लिए किया जाता है। इसमें आप चाहे तो आपस में मिलती-जुलती लेस का कॉम्बिनेशन बनवाकर पोंचे में लगा सकती हैं। इसमें आपको बारीक वाली किनारी लेस में काफी डिजाइन और कलर मिल जाएंगे।

### चिकनकारी डिजाइन सलवार

सलवार को क्लासी और फैंसी लुक देना चाहती हैं तो इस तरह से आप कढ़ाई वर्क का सहारा भी ले सकती हैं। कढ़ाई वर्क की बात करें तो गर्मी के मौसम में चिकनकारी कढ़ाई वर्क को काफी ज्यादा पसंद किया जाता है। कमीज के अलावा आप पोंचे में रफल बनवाकर ऊपर चिकनकारी डिजाइन वाली सलवार को चुन सकती हैं।

## कलर्ड हेयर पर भूल से भी नहीं इस्तेमाल करने चाहिए ये इंग्रीडिएंट्स



कलर्ड हेयर आपके लुक को बेहद खास बनाते हैं। हालांकि, अगर आप अपने कलर्ड हेयर पर कुछ चीजों का इस्तेमाल करते हैं तो इससे कलर फेड हो सकता है या फिर उसे नुकसान हो सकता है।

हम सभी अपने लुक को समय-समय पर बदलना चाहते हैं और इसलिए अक्सर कुछ ना कुछ चेंज करते हैं। ऐसे में बालों को कलर करवाना बेहद ही आम है। बालों के कलर करवाने से आपका ओवर ऑल लुक चेंज हो जाता है। हालांकि, कलर्ड हेयर तभी अच्छे लगते हैं, जब इनकी सही तरह से केयर की जाए। कलर्ड हेयर पर किसी भी तरह के प्रोडक्ट या फिर होम रेमिडीज को अप्लाई करने से पहले अधिक ध्यान देने की जरूरत होती है।

दरअसल, ऐसे कई चीजें होती हैं, जिन्हें अगर कलर्ड हेयर पर इस्तेमाल किया जाता है तो इससे ना केवल बाल डैमेज होते हैं, बल्कि उनका कलर भी फेड होने लगता है, जिससे आपका लुक खराब हो जाता है। जानते हैं, कुछ ऐसे ही इंग्रीडिएंट्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आपको अपने कलर्ड हेयर पर अप्लाई करने से बचना चाहिए-

**सिरका:** अक्सर लोग बालों को रिंस करने के लिए या फिर स्कैल्प बिल्डअप को क्लीन करने के लिए सेब के सिरके का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन अगर आप इसे बार-बार अपने कलर्ड हेयर पर अप्लाई करते हैं तो इससे आपके बालों का रंग फीका पड़ सकता है। जिससे आपके बाल बेजान नजर आ सकते हैं।

**बेकिंग सोडा:** अगर आपके कलर्ड हेयर हैं तो आपको बेकिंग सोडा का इस्तेमाल भी करने से बचना चाहिए। बेकिंग सोडा बहुत अधिक अल्कलाइन होता है और ऐसे में यह आपके कलर्ड हेयर को नुकसान पहुंचा सकता है।

यह बालों का प्राकृतिक तेल और रंग छीन सकता है, जिससे वे अधिक रूखे, कमजोर व बेजान नजर आ सकते हैं।

## सिंपल चूड़ियों की सेलिब्रिटी स्टाइल में करें सेटिंग, लोग करेंगे तारीफ



महिलाओं का श्रृंगार चूड़ियों के बिना अधूरा है। एक अच्छी और फैंसी लुक वाली चूड़ी आपके सिंपल-सोबर लुक में चार-चांद लगा देती है। बाजार में भी आपको तरह-तरह के पैटर्न और डिजाइन में चूड़ियां मिल जाएंगी। मगर सबसे ज्यादा मुश्किल होता है कि चूड़ियों की मैचिंग या सेटिंग को नया अंदाज देना। आज हम आपको कुछ सेलिब्रिटीज द्वारा की गई चूड़ियों की सेटिंग स्टाइल दिखाएंगे, जिन्हें देख कर आप भी उन्हेंज रीक्रिएट कर सकती हैं।

आजकल बाजार में आपको हर रंग की चूड़ियां मिल जाएंगी। अगर आपके आउटफिर में 1 से अधिक रंग हैं तो 2 सबसे अधिक नजर आने वाले रंगों की चूड़ियों को आप मिक्स -मैच करके पहन सकती हैं। मिक्स-मैच करने के लिए आप सिंपल और एक जैसे पैटर्न की चूड़ियां खरीदे और उन्हेंह बंच में एक हाथ में पहन लें।

हाथों में अगर आप 2 रंग की चूड़ियां पहन रही हैं, तो आधा दर्जन एक रंग की और आधा दर्जन दूसरे रंग की चूड़ी पहनें। बाजार में आपको बहुत से पैटर्न की चूड़ियां मिल जाएंगी मगर इस तरह से अगर आप चूड़ियों की सेटिंग कर रही हैं तो आपको वेल्वेएट, थ्रेड वर्क या मेटल की चूड़ियां ही खरीदनी चाहिए।


हरे रंग की चूड़ियों का फैशन कभी भी पुराना नहीं होता है और आप इन्हेंक किसी भी ट्रेडिशनल आउटफिट और किसी भी रंग के साथ पहन सकती हैं। खासतौर पर किसी त्यो हार या फिर शादी के फंक्शन में आप हरे रंग की चूड़ियों को स्टाइलिश अंदाज में पहनना चाहती हैं, तो आपको गोल्ड न मेटल या कांच की चूड़ियों के साथ उन्हें सेट करके पहनना चाहिए। आप चाहें तो सोने की चूड़ियों के साथ भी हरे रंग की कांच की चूड़ियां पहन सकती हैं।

कार्नर न्यूज

### मेन्स परफ्यूम में च्वाइस के साथ समझदारी भी जरूरी

## गर्मियों के मौसम में मेंस परफ्यूम खरीदते हुए रखें इन जरूरी बातों का ध्यान

परफ्यूम हमारी पर्सनैलिटी को एक जबरदस्त बूस्ट देता है। ये आपको कॉन्फिडेंस देता है, कि तन की दुर्गंध पास आने वाले किसी शख्स को तंग नहीं करेगी। परफ्यूम की फ्रेग्रेंस न सिर्फ आपके स्टाइल स्टेटमेंट को दिखाता है, बल्कि आपकी अच्छी ग्रूमिंग की आदतों के बारे में भी संकेत देता है। लेकिन, ज्यादातर लोग परफ्यूम पसंद कैसे करते हैं? कुछ तो टीवी पर ऐड देखकर वो वाला परफ्यूम खरीदते हैं, जिसे लगाने के बाद लड़कियां पीछे भागती हैं। भले ही उसकी फ्रेग्रेंस उन्हें खुद पसंद नहीं आई। आईए, जानते हैं कि गर्मियों के मौसम के लिए बेस्ट परफ्यूम कैसे खरीदा जाए।



### गर्मियों में कैसे परफ्यूम खरीदें?

गर्मियों के मौसम में बहुत तेज खुशबू वाले या गर्म मिजाज वाले परफ्यूम को लगाने से बचना चाहिए। जैसे, सर्दियों के मौसम के लिए हिना या मेहंदी की खुशबू वाले परफ्यूम बेस्ट हैं। लेकिन इनका इस्तेमाल गर्मियों के मौसम में नहीं करना चाहिए। गर्मियों में हल्की और भीनी खुशबू वाले परफ्यूम का प्रयोग करना चाहिए। इसकी फ्रेग्रेंस मन को शांत करे और रूमानी अहसास भी दे। अगर आप ऐसे परफ्यूम का चुनाव करते हैं, तभी परफ्यूम का पूरा आनंद ले सकेंगे।

### गर्मियों के मौसम के लिए बेस्ट परफ्यूम

गर्मियों में बेस्ट मेंस परफ्यूम के लिए हर किसी की अपनी च्वाइस हो सकती है। लेकिन फिर भी हम आपको 3 ऐसे प्रोडक्ट्स के बारे में बता रहे हैं, जो लो बजट में भी प्रीमियम फील पाने में हेल्प कर सकते हैं।


### विलेन हाइड्रा यू डे परफ्यूम फॉर मेन

विलेन हाइड्रा परफ्यूम (यू डे परफ्यूम) गर्मियों के मौसम के लिए बेस्ट परफ्यूम में से एक है। इस शानदार परफ्यूम के टॉप नोट्स में लेमन, मिंट, ग्रेपफ्रूट की खुशबू आती है। जबकि मिडिल नोट्स में जैस्मिन, जायफल और व्हाइट फ्लावर का फील आता है। जबकि बेस नोट्स में व्हाइट मस्क, सीडर और चंदन की सुगंध आती है। ये परफ्यूम आपको लंबे समय तक तरोताजा और फ्रेश फील पाने में मदद करेगा।

### विलेन द जोकर यू डे परफ्यूम फॉर मेन



विलेन द जोकर यू डे परफ्यूम फॉर मेन कॉलेज गोइंग स्टूडेंट्स के लिए बेस्ट च्वाइस हो सकता है। इस परफ्यूम को न सिर्फ इंडोर बल्कि आउटडोर के लिए भी बेस्ट माना जाता है। इस परफ्यूम के बेस नोट्स में अंबरवुड, पिचूली, ओकमॉस और खस के नोट्स मिलते हैं।




# दीपक की फिल्म टिप्सी का ट्रेलर रिलीज...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता-फिल्मकार दीपक तिजोरी की आने वाली फिल्म टिप्सी का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म का निर्माण राजू चड्ढा और दीपक तिजोरी ने किया है। टिप्सी का निर्देशन दीपक तिजोरी ने किया है। सना खान और अनीता शर्मा फिल्म की सह-निर्माता हैं। टिप्सी का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर की शुरुआत गोवा जैसे खूबसूरत शहर से होती है। जहां पांच लड़कियों का एक ग्रुप घूमने जाता है, लेकिन इन लड़कियों के लिए ये गोवा का ट्रिप आफत बन जाएगा। इसके बारे में नहीं पता था। गर्ल्स का ये ट्रिप उन्हें जेल की हवा खाने पर मजबूर कर देता है। ट्रेलर में दीपक तिजोरी की भी दमदार एंट्री देखने को मिलती है।

लाइफ Style


# मनीषा

## 'हीरामंडी' में दिखाएंगी बागी अवतार

एजेंसी ⏭ मुंबई

सुभाष घई की फिल्म 'सौदागर' से अपने बॉलीवुड करियर की शुरुआत करने वाली मनीषा कोइराला इन दिनों खूब चर्चा में हैं। उनका सुर्खियों में होना भी वाजिब है, क्योंकि संजय लीला भंसाली के करियर की पहली वेब सीरीज 'हीरामंडी' में वह बेहद अहम भूमिका निभा रही हैं।

खास बात यह है कि भंसाली, मनीषा के पसंदीदा निर्देशक रहे हैं। हाल ही में उन्होंने निर्देशक के साथ-साथ इस सीरीज में अपने किरदार पर बात की। 'हीरामंडी' में मनीषा सबसे वरिष्ठ अभिनेत्री हैं। अपने बागी किरदार 'मल्लिका जान' पर मनीषा ने कहा, मैंने ऐसा किरदार पहले कभी नहीं किया और मुझे मालूम नहीं था कि मैं कैसे करूंगी, लेकिन इतना मालूम था कि मैं जान दे दूंगी, जान लगा दूंगी और जो भी संजय हमसे करवाना चाहते थे, वह एकदम पूरे समर्पण के साथ करूंगी। ये बहुत, बहुत, बहुत ही नया किरदार है मेरे लिए। मनीषा के मुताबिक, 'हीरामंडी' में बहुत सी कहानियां हैं। इसमें कई सीजन तक आगे जाने की सामग्री है। इस सीरीज में ऋचा चड्ढा, अदिति राव हैदरी, सोनाक्षी सिन्हा, संजीदा शेख और शरमीन सहगल भी अहम भूमिका में हैं। 'हीरामंडी' को भंसाली ने हिंदी सिनेमा की कालजयी फिल्म 'मुगल-ए-आजम' की तर्ज पर बनाया है। इसके हर फ्रेम में कला का काम है। यह सीरीज 1 मई को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। मनीषा ने भंसाली संग पहली बार '1942: ए लव स्टोरी' में काम किया था। भंसाली इस फिल्म के सहायक निर्देशक थे। जब मनीषा से भंसाली के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, बतौर निर्देशक उनमें जबरदस्त बदलाव आए हैं।




हॉलीवुड मसाला




# जीता पत्नी से तलाक मुकदमा

**लॉस एंजिलस।** हॉलीवुड स्टार जॉनी डेप ने इंग्लैंड के बर्मिंघम में अपने दोस्तों के साथ एक खास सेलिब्रेशन किया। डिनर पर 62,000 डॉलर या 48.22 लाख रुपये खर्च किए। डेप ने रेस्तरां में इंडियन फूड, कॉकटेल और शैंपेन की दावत दी। अभिनेता ने बुधवार को एक बड़ी जीत हासिल की, जब उन्हें 36 साल की एक्स वाइफ एम्बर हर्ड के खिलाफ मानहानि के मुकदमे में 10.35 मिलियन डॉलर का फैसला सुनाया गया। पार्टी में जॉनी डेप अपने म्यूजीशियन दोस्त और साथी जेफ बेक सहित 20 अन्य शामिल हुए।




# जेनिफर व बेन ने 20 साल बाद फिर की सगाई

**लॉस एंजिलस।** हॉलीवुड अभिनेत्री और सिंगर जेनिफर लोपेज और अभिनेता बेन एफ्लेक ने सगाई कर ली है। सिंगर ने अपनी ऑफिशियल वेबसाइट पर पुष्टि की है कि वह बेन से सगाई टूटने के लगभग 18 साल बाद 2021 में एक-दूसरे के करीब आने के बाद अब शादी के बंधन में बंधने की योजना बना रही हैं। जेनिफर लोपेज और 49 साल के बेन एफ्लेक ने पहली बार फिल्म 'गिगली' में काम करने के बाद डेटिंग शुरू की थी। करीब 52 साल की रोपेज ने सबसे पहले अपने फेसबुक और इंस्टाग्राम पेज पर यह घोषणा की, जिसके बाद उन्होंने अपने करीबी लोगों के साथ इससे जुड़ा एक ईमेल साझा किया। लोपेज की वेबसाइट पर प्रशंसकों के लिए साझा किए गए संदेश में सिंगर की एक क्लिप शामिल थी, जिसमें सगाई की हीरे की अंगूठी की तारीफ की गई थी।



# 'तेरा चेहरा' पर बनाई आम्रपाली ने रील

**मुंबई।** भोजपुरी स्टार आम्रपाली दुबे ने म्यूजिक कंपोजर अदनान सामी के गाने 'तेरा चेहरा' पर रील बनाई और इसे शेयर करते हुए गाने के प्रति अपनी दीवानगी को साझा किया। आम्रपाली ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वह एक्ट्रेस रानी मुखर्जी पर फिल्माए गए गाने 'तेरा चेहरा' पर लिप-सिंक करती नजर आ रही हैं। आम्रपाली जल्द ही प्रदीप पांडे और संचिता बनर्जी स्टारर अपकमिंग फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' में दिखाई देंगी. फिल्म का निर्देशन प्रेमांशु सिंह ने किया है। आम्रपाली ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत 2008 में शो 'सात फेरेः सलोनी का सफर' से की थी। भोजपुरी सिनेमा में उनकी एंट्री 2014 की फिल्म 'निरहुआ हिंदुस्तानी' से हुई. तब से, वह 'निरहुआ हिंदुस्तानी 2 और 3', 'बॉर्डर', 'निरहुआ चलल लंदन' और 'शेर सिंह' में नजर आ चुकी हैं।



# 'खेल- खेल में' की रिलीज डेट जारी

अक्षय कुमार आने वाले दिनों में कई बड़ी फिल्मों में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। 'खेल खेल में' उनकी आने वाली चर्चित फिल्मों में शुमार है। इस फिल्म से जुड़ीं कई जानकारियां सामने आई थीं, लेकिन रिलीज तारीख तय नहीं हुई थी। अब फिल्म की रिलीज को लेकर आधिकारिक घोषणा हो गई है। अक्षय इस फिल्म में तापसी पन्नू और वाणी कपूर के साथ नजर आएंगे। आइए जानते हैं पर्दे पर कब आएगी 'खेल खेल में'। यह फिल्म 6 सितंबर, 2024 को सिनेमाघरों का रुख करेगी। इसका पहला पोस्टर भी सामने आ गया है। यह फिल्म भूषण कुमार के प्रोडक्शन हाउस टी-सीरीज के बैनर तले बन रही है, जो कॉमेडी, ड्रामा और इमोशंस से भरपूर होगी। मुदस्सर अजीज ने इस फिल्म का निर्देशन किया है।

टीवी मसाला

# दीपा को मिला खास शो, 'अटल' में निभा रहीं सुशीला बुआ का किरदार

**नई दिल्ली।** शो 'अटल' में सुशीला बुआ को चालाक और शातिर महिला के रूप में दिखाया जाएगा जो लोग उनका फेवर करते हैं, उनके लिए वह बहुत अच्छी हैं, लेकिन जो उनके काम के नहीं हैं, उनके लिए वह बेहद क्रूर हैं। अपने किरदार पर चर्चा करते हुए, दीपा ने कहा, 'सुशीला बुआ के चरित्र को बताने के लिए विधवा, कर्मकांडी, शातिर और लालची सबसे अच्छे शब्द हैं। उनके अनुसार, किसी व्यक्ति का स्वार्थ और लालच यह तय करते हैं कि आप उन्हें पसंद करते हैं या नहीं। उनका किरदार वाजपेयी के घर में, खास तौर से अटल (व्योम ठक्कर) और कृष्णा देवी (नेहा जोशी) के लिए चुनौतीपूर्ण स्थिति पैदा करेगा। यह कहानी में एक नया ट्विस्ट और ड्रामा लाएगा। शो में सुशीला बुआ की एंट्री 29 अप्रैल को प्रसारित हुए एपिसोड में हुई। दीपा ने कहा, 'नीति का पढ़ाई को समर्थन और अटल के रुख के खिलाफ सुदर्शन त्रिपाठी, नीति के दोस्तों के पैरेंट्स को उकसाता है और वे आकर अटल के खिलाफ नारे लगाने लगते हैं, जिससे कृष्णा देवी आहत हो गईं। सुशीला बुआ अगली सुबह वाजपेयी के घर पहुंचती हैं और जबरदस्ती इज्जत पाने की अपेक्षा करती हैं और कृष्णा देवी से अपने पैर धोने के लिए कहती हैं। एक्ट्रेस ने कहा, 'वह यह भी मांग करती हैं कि कृष्णा देवी और कृष्ण बिहारी वाजपेयी अवध और सरस्वती को घर वापस लाएं और वह उनके लौटने के बाद ही घर में प्रवेश करेंगी।



## अन्नपूर्णा को मिला दिलचस्प रोल

**नई दिल्ली।** अन्नपूर्णा भैरी एक अच्छी एक्ट्रेस हैं. उन्हें अब दर्शक टीवी शो 'चाहेंगे तुम्हें इतना' में 'दादी' का किरदार निभाते हुए देखेंगे। शो में अन्नपूर्णा, अमित की मां और अमृता की सास के किरदार में हैं। एक्ट्रेस ने अपने किरदार को लेकर उत्साह व्यक्त किया और बताया कि यह उनके वास्तविक जीवन के व्यक्तित्व के बिल्कुल विपरीत है। एक्ट्रेस ने कहा, 'चाहेंगे तुम्हें इतना' में मेरा किरदार गिरिजा देवी का है, जो एक ऐसी महिला है जिसने प्रभुत्व के कौशल में महारत हासिल की है। वह बहुत पुराने विचारों वाली हैं और चाहती हैं कि पूरा परिवार उन नियमों का पालन करें, जिनमें वह विश्वास करती हैं। अन्नपूर्णा ने आगे कहा, 'असल जिंदगी में मैं बिल्कुल अलग हूं. ऑफ-स्क्रीन मेरा स्वभाव बहुत नरम है और मुझे किसी पर हावी होना पसंद नहीं है। यह भूमिका मेरे साथ-साथ दर्शकों के लिए भी एक रोलर कोस्टर राइड होगी। जैसे-जैसे 'चाहेंगे तुम्हें इतना' में सिद्धार्थ और आशी की शादी की कहानी आगे बढ़ेगी, दादी एक अहम मोड़ लाएगी।





# जब डांस फ्लोर नाचते हुए रोमांटिक हुए एवरग्रीन हेमा-धर्मेंद्र

**मुंबई।** बॉलीवुड की एवरग्रीन जोड़ी एक्ट्रेस हेमा मालिनी और धर्मेंद्र एक बार फिर अपने रोमांटिक अंदाज को लेकर सुर्खियों में हैं। वयोवृद्ध अभिनेता धर्मेंद्र और हेमामालिनी की जोड़ी दर्शकों द्वारा खूब पंसद की गई। यही वजह थी कि हेमा मालिनी और धर्मेंद्र पर्दे पर दो दर्जन से अधिक फिल्मों में रिपीट की गई। हेमामालिनी-धर्मेंद्र की जोड़ी पर्दे पर ही नहीं, रियल जिंदगी में भी सुपर हिट है। साथ-साथ काम करते-करते दोनों को प्यार हुआ और सभी बंधनों को तोड़ दोनों शादी कर ली जबकि धर्मेंद्र पहले से शादीशुदा थे।

***ड्रीम गर्ल के गाने पर किया रोमांटिक डांस :*** अक्सर पार्टीज में साथ-साथ नजर आने वाले धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की जोड़ी का हाल में एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें हीमैन धर्मेंद्र अपनी ड्रीम गर्ल के साथ रोमांस करते हुए नजर आ रहे हैं। खास बात ये है कि बैकग्राउंड में ड्रीम गर्ल वाला गाना ही प्ले हो रहा है।

***वीडियो इंडियाज गॉट टैलेंट के तीसरे सीजन का :*** धर्मेंद्र-हेमामालिनी का डांस वीडियो रियलिटी शो इंडियाज गॉट टैलेंट के तीसरे सीजन का है। जिसमें धर्मेंद्र और उनकी पत्नी हेमा मालिनी गेस्ट के तौर पर आए हैं। उनके साथ उनकी बेटी ईशा देओल भी हैं. शो की कंटेस्टेंट हेमा और धर्मेंद्र से डांस की रिक्वेस्ट करती है, तो दोनों स्टेज पर आते हैं। फिर जो कुछ होता है, वह लोगों को रुमानी बनाने के लिए काफी है।

# फिल्म इंडस्ट्री को लेकर परिणीति का बड़ा खुलासा

*__मुंबई।__ बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा का कहना है कि फिल्म इंडस्ट्री में नेपोटिज्म वास्तविक हो भी सकता है और नहीं भी, लेकिन यहां फेवरेटिज्म जरूर चलता है। परिणीति ने नेपोटिज्म और फेवरेटिज्म पर खुलकर बात की है। उन्होंने कहा कि लोग नेपोटिज्म की बात करते हैं, लेकिन उन लोगों पर और ज्यादा दबाव होता है जिसका कोई इंडस्ट्री में होता है। उनकी वजह से आपको पहला मौका मिल जाता है, लेकिन लोग स्टार का बच्चा सुपरस्टार की बहन कहते हैं। यदि आप काम अच्छा नहीं करेंगे तो दर्शक रिजेक्ट कर देंगे। उन्होंने कहा कि यदि मेरी बहन (प्रियंका चोपड़ा) उस दिन यशराज फिल्म्स में शूटिंग न कर रही होती, जिस दिन मैं वहां मार्केटिंग की नौकरी पाने के लिए गई थी, तो वह मुझे नहीं मिलती। मेरे घर से कोई एक्टर हैं, इसलिए मैं किसी फिल्म के सेट पर जा पाई, लेकिन बहन के स्टार होने से मुझे कोई फायदा नहीं हुआ, नहीं तो मेरी भी फिल्में चलती।*



## 2023 की 1 मूवी ने तोड़ा सबका रिकॉर्ड, लिस्ट में ऐसी मूवी भी है

# ओटीटी पर मौजूद हैं वो फिल्में, जिन्हें मिली है सबसे हाई रेटिंग

*__मुंबई।__ बहुत सारे लोग किसी भी फिल्म को देखने से पहले उसकी आईएमडीबी रेटिंग पता करते हैं। अगर रेटिंग अच्छी है, तभी वह फिल्मों को देखते हैं। ऐसे में हम आपको कुछ ऐसी फिल्मों के बारे में बताते हैं, जिन्हें आईएमडीबी पर 8 से ज्यादा रेटिंग मिली है। सभी एक से एक धांसू फिल्म हैं, जिनका लुत्फ आप अपने मोबाइल, टीवी या फिर लैपटॉप पर उठा सकते हैं। लिस्ट में ऐसी मूवी भी है, जिसकी रेटिंग सबसे ज्यादा यानी 10 में से 9 है।*




**सीता रामम :** दुलकर सलमान और मृणाल ठाकुर की ये मूवी साल 2022 में रिलीज हुई थी। 'सीता रामम' एक शानदार लव स्टोरी मूवी है, जिसे लोगों ने खूब पसंद दिया। आईएमडीबी पर फिल्म की रेटिंग 10 में से 8.5 है। इसे आप डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर देख सकते हैं।




**12वीं फेल :** विक्रांत मैसी की ये मूवी साल 2023 में आई थी। यह आईपीएस मनोज कुमार शर्मा की बायोपिक है, जिसमें उनकी जिंदगी और संघर्ष की कहानी को बयां किया गया है। इस मूवी को 10 में से 9 रेटिंग मिली है। इसका लुत्फ आप डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर उठा सकते हैं।

**एमएस धोनी-द अनटोल्ड स्टोरी :** सुशांत सिंह राजपूत की ये मूवी साल 2016 में आई थी। यह भारत के मशहूर क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी की लाइफ पर बनी है। आईएमडीबी पर 8 रेटिंग के साथ यह फिल्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर मौजूद है।






**छिछोरे :** स्टूडेंट लाइफ पर बनी ये फिल्म साल 2019 में आई थी। सुशांत सिंह राजपूत, श्रद्धा कपूर, वरुण शर्मा और अन्य कई सितारों ने फिल्म में काम किया था। 'छिछोरे' को आईएमडीबी पर 8.3 रेटिंग मिली थी। यह मूवी डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर अवेलेबल है।



**बाहुबली 2 :** सुपरस्टार प्रभास की 'बाहुबली 2' फिल्म साल 2017 में रिलीज हुई थी। यह अब तक की सबसे धांसू इंडियन फिल्मों की लिस्ट में शुमार है। 'बाहुबली 2' की आईएमडीबी पर 10 में से 8.2 रेटिंग है। यह मूवी डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर धड़ल्ले से स्ट्रीम हो रही है।

# हनुमंत कथा का श्रद्धालुओं ने खूब किया रसपानः एकता


बागेश्वर बाबा के साथ डॉ. एकता लंगेह।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

एमसीबी जिले के चिरमिरी गोदरीपारा लालबहादुर शास्त्री स्टेडियम में प्रसिद्ध कथावाचक पंडित धीरेन्द्र शास्त्री का एक दिवसीय हनुमंत कथा का आयोजन हुआ। इसमें हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने सभा स्थल पहुंचकर कथा का श्रवण किया।

बागेश्वर धाम के प्रसिद्ध कथावाचक पंडित शास्त्री के हनुमंत कथा का एक दिन का ही आयोजन था । कथा श्रवण कर लौटने के बाद डाक्टर एकता लंगेह ने बताया कि हमारा देश ऋषि मुनि तपस्वियों का देश है, जहां आज भी ऐसे लोग हैं, जिनकी ख्याति हमारे देश में नहीं विदेश में भी है, जिनके मातृ सानिध्य और कथा श्रवण से ही व्यक्ति सत्संग के मार्ग पर चल रहे हैं। कार्यक्रम को लेकर आयोजन समिति द्वारा एक सप्ताह से तैयारी की जा रही थी। विशाल पंडाल बनाया गया था। इसमे लगभग 20 हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था थी, लेकिन आयोजन समिति को ये अंदाजा नहीं था कि बागेश्वर बाबा की कथा सुनने लाखों की संख्या में लोग पहुंच जाएंगे। हनुमंत कथा सुनने छग के अलावा, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, ओड़िसा तक के श्रद्धालु पहुंचे थे, लेकिन मैदान में बैठने की जगह नहीं होने के कारण हजारों लोगों को खड़े होकर ही कथा श्रवण करना पड़ा।

# शत-प्रतिशत मतदान के लिए व्यापारियों ने ली शपथ




**मनेन्द्रगढ़।** चेंबर के प्रदेश उपाध्यक्ष रफीक मेमन रायपुर चेंबर की बैठक में शामिल होकर वापस लौटे, इसके उपरांत उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि छग चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेशध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष- राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल की मौजूदगी में छग चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज कार्यालय देवीलाल व्यापार उद्योग भवन बाम्बे मार्केट रायपुर में संपन्न हुई।

इस अवसर पर चेंबर प्रदेश महामंत्री अजय भसीन द्वारा 3 वर्ष के कार्यकाल में किए गए कार्यों की जानकारी दी गई तथा चेंबर आय-व्यय ब्यौरा उपस्थित सदस्यों के बीच रखा गया। चेंबर महामंत्री अजय भसीन ने बताया कि व्यापारिक हित में कई महत्वपूर्ण मांग चेंबर द्वारा की गई, जिसे शासन-प्रशासन द्वारा त्वरित निर्णय लेकर कार्रवाई की गई। परिणाम स्वरूप आज शासकीय योजनाओं में चेंबर पदाधिकारियों को सदस्य के रूप में स्थान मिल रहा है। अमर पारवानी ने राष्टीय स्तर पर प्रदेश के व्यापारियों को पहचान दिलाई है। व्यापार शिरोमणि, सर्वश्रेष्ठ व्यापारी से अलंकृत हुए तथा राष्टीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य के रूप में चुने गए। यही कारण है कि आज छग के व्यापारियों को राष्टीय स्तर पर अलग से देखा जाता है। कार्यक्रम का संचालन चेंबर महामंत्री अजय भसीन, कार्यकारी महामंत्री कपिल दोशी ने किया तथा आभार प्रदर्शन चेंबर महामंत्री अजय भसीन ने किया। आमसभा में चेंबर पदाधिकारी, व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि, कई जिलों से प्रदेश के पदाधिकारी एवं सदस्य काफी संख्या में उपस्थित रहे।



## झगराखाड़ में मतदाता जागरूकता अभियान

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी.राहुल वेंकट के निर्देशन तथा परियोजना निदेशक नितेश उपाध्याय के मार्गदर्शन में लगातार मतदाता जागरूकता से संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी बंसत राम के मार्गदर्शन में नगर पंचायत झगराखांड़ में कम प्रतिशत वाले वोटिंग क्षेत्र वार्ड क्रमांक 13 एवं 14 में स्वीप कार्यक्रम के तहत वार्ड वासियों के द्वारा अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूकता अभियान चलाकर सामूहिक रूप से शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

न्यूरो ओ.पी.डी. प्रतिमाह दूसरे शनिवार
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर, ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
डॉ. हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.Ch. (Neuro Surgery) (AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार, 11 मई 2024 को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।
समय: शाम 05.00 बजे से
अग्रिम पंजीयन आवश्यक
स्थान: बड़ेरिया डायग्नोस्टिक, बाजारपारा, बैकुण्ठपुर
मो. 9425255110, 9425269110

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया (छ.ग.)
//उद्घोषणा//

सर्व साधारण ग्राम शिवपुर तहसील बैकुन्ठपुर, जिला कोरिया (छ.ग.) तथा हितबद्ध पक्षकारों को सूचित किया जाता है कि आवेदिकागण श्रीमती देवकुमारी उर्फ देवकुंवर आ. स्व. भैयालाल, पति श्री शिवप्रसाद अन्य 01, उम्र-43 वर्ष जाति हरिजन, निवासी मकान नंबर 146 वार्ड क्रमांक 09, अधौरापारा, बरबसपुर, उजियारपुर, थाना नागपुर, तहसील मनेन्द्रगढ़ जिला कोरिया छ.ग. के द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदिकागण और अनावेदकगण एक ही परिवार के सदस्य है। आवेदिकागण सहित अनावेदक क्रमांक 1 से 3 आपस में भाई बहन तथा अनावेदिका क्रमांक 4 सभी की माता है। आवेदिकागण और अनावेदकगण के हक व स्वामित्व की भूमि ग्राम शिवपुर थाना व तहसील बैकुन्ठपुर जिला कोरिया छ.ग. में स्थित है। जिसका ख.न. 631/1 रकबा 0.550 यह आवेदिका क्रमांक 1 देवकुमारी को घर परिवार और मायके में देवकुमारी के नाम से संबोधित किया जाता है। विवाह के पश्चात ससुराल वालों ने मुझे देवकुंवर नाम से पुकार किया जाने लगा। चूंकि मेरा नाम मायके में देवकुमारी था, इस कारण मायके से प्राप्त भूमि का राजस्व अभिलेखों में देवकुमारी लिखा हुआ है। जिस कारण आवेदिका क्रमांक 1 यह चाहती है कि राजस्व अभिलेखों में देवकुमारी के आगे उर्फ जोड़कर देवकुंवर लिखा जावे ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार का कोई परेशानी न हो सके। आवेदिकागण अपने इस आवेदन के आधार पर राजस्व अभिलेखों में आवेदिका क्रमांक 1 देवकुमारी उर्फ देवकुंवर तथा आवेदिका क्रमांक 2 चित्रकुमारी उर्फ संगीता लिखकर सुधार किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतः उक्त संबंध हित रखने वाले व्यक्तियों को यदि कोई आपत्ति हो तो वे दिनांक 13/05/24 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभाषक के द्वारा इस न्यायालय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार विमर्श नहीं किया जावेगा।
जारी दिनांक 25/4/24
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.)

## बीजेपी झूठे वादे करके वोट मांग रही है : बिहारीलाल




**एमसीबी।** कांग्रेस नेता बिहारी लाल राजवाड़े ने कहा कि बीजेपी झूठे वादे करके आपसे वोट मांग रही है। देश की सामाजिक समरसता, देश के संविधान, लोकतंत्र को बनाए रखने के लिए कांग्रेस को लाना जरूरी है। बीजेपी लगातार 400 पार का नारा दे रही है क्योंकि ये संविधान बदलना चाहते हैं। गरीब, आदिवासी, एसटी-एससी समाज की रक्षा यह संविधान करता है और बीजेपी वाले इस संविधान को बदलने की बात कर रहे हैं।

कोरबा लोकसभा प्रत्याशी ज्योत्सना चरणदास महंत के पक्ष में प्रचार कर रहे बिहारी लाल राजवाड़े ने कहा कि कांग्रेस ने न्याय पत्र में पांच प्रमुख गारंटी दिया गया है। राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकालकर लोगों से राय लेकर क्रांतिकारी घोषणा पत्र बनाया है। देश की महिलाओं को सलाना एक लाख रुपए, महिलाओं को भर्ती में 50 प्रतिशत का आरक्षण देने का वादा, कांग्रेस की सरकार बनते ही जीएसटी को माफ किया जाएगा, साथ ही साथ 30 लाख भर्ती भी किया जायेगा, मनरेगा में मजदूरों को 243 रुपया दिया जाता है जिन्हें बढक़र 400 किया जाएगा और 150 दिन रोजगार देने का भी वादा है। इस दौरान प्रदीप गुप्ता, योगेश शुक्ला, बृजवासी महाराज, संगीता, लक्ष्मी, राजू, दीपक गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## श्री श्याम मंदिर का दो दिवसीय वार्षिकोत्सव 3 से

**मनेन्द्रगढ़।** शहर के प्रतिष्ठित श्री श्याम मंदिर का वार्षिकोत्सव 3 एवं 4 मई को उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया जाएगा। आयोजन के मद्देनजर श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। उल्लेखनीय है कि बीते वर्ष 29 अप्रैल 2023 से 3 मई 2023 तक पंच दिवसीय आयोजन के साथ श्री-श्री श्याम बाबा का प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव आयोजित किया गया था। इस आयोजन में क्षेत्र के साथ ही साथ छग व मध्यप्रदेश से काफी संख्या में श्याम बाबा के भक्त आयोजन में शामिल हुए थे। श्री श्याम मंदिर के प्राण -प्रतिष्ठा समारोह का एक वर्ष पूर्ण होने पर दो दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। दो दिवसीय आयोजन की शुरूआत 3 मई से होगी। 3 मई शुक्रवार को प्रातः 8 बजे बाबा की अलौकिक श्रृंगार आरती होगी, इसके उपरांत संक्षिप्त श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ का आयोजन होगा।



## संतोषी माता मंदिर का वार्षिकोत्सव

**मनेन्द्रगढ़।** लोको कॉलोनी स्थित माता श्री संतोषी के मंदिर का वार्षिकोत्सव उत्साह पूर्ण वातावरण मनाया गया। इस अवसर पर प्रातः काल प्रभातफेरी निकाली गई। इसमें नगर के गणमान्य जन काफी संख्या में शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि शहर के लोको कॉलोनी क्षेत्र में संतोषी माता का भव्य एवं प्राचीन मंदिर बना हुआ है। यहां हमेशा श्रद्धालुओं का आवागमन होता रहता है। यहां प्रतिवर्ष श्री रामनवमी के बाद मां संतोषी के मंदिर का वार्षिकोउत्सव मनाया जाता है। इस वर्ष की परंपरा का ढंग से मंदिर का वार्षिकोउत्सव मनाया गया। प्रातः काल माता संतोषी के भक्तों द्वारा एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो क्षेत्र के प्रमुख मार्गो से होते हुए पुनः मंदिर में पहुंची। शोभायात्रा में शामिल जन भजन संकीर्तन करते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा के उपरांत मंदिर परिसर में मां संतोषी का विधिवत पूजा-अर्चना एवं अभिषेक किया गया। मां संतोषी की पूजा-अर्चना के उपरांत भंडारा का भोग लगाया गया। इसके बाद भंडारा प्रसाद का वितरण किया गया। सभी आयोजनों में क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। देर रात तक चले भंडारे में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।



## निधन

### देवेन्द्र सिंह



**बैकुण्ठपुर।** शहर के महलपारा निवासी देवेन्द्र सिंह का रायपुर में इलाज के दौरान रविवार को निधन हो गया। स्व. सिंह एसईसीएल में कार्यरत थे। इनका अंतिम संस्कार सोमवार को गेज नदी स्थित स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया, जहां परिजन समेत काफी संख्या में शहरवासी मौजूद रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18, 500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
20 मई से 02 जून 2024, 24 मई से 06 जून 2024, 26 मई से 08 जून 2024, 29 मई से 11 जून 2024
05 जून से 18 जून 2024
राशिः-स्लीपर -18500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

गौरव हॉस्पिटल
अपने लोगो को किफायती दरों पर, पूरी ईमानदारी के साथ, विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधा देने का एक सपना जो वैसे तो आज अपनी नई बिल्डिंग का फर्स्ट ईयर सेलिब्रेट कर रहा है मगर आपकी सेवा में 10 साल बिता चुका है आप सभी का बहुत बहुत धन्यवाद








डॉ. शिफा असलम
एम.एस. (ऑफ्थेलमोलॉजी)
फेको, फेलो शंकर नेत्रालय, चेन्नई
सीनियर सर्जन,
साधुराम आई हॉस्पिटल, हैदराबाद


डॉ. असलम आरिफ
एम.डी., डी.एन.बी. (कार्डियोलॉजी),
एफएससीएआई, एफईएससी,
पूर्व सीनियर हृदयरोग सलाहकार,
मेडीसीटी हॉस्पिटल, हैदराबाद,
(हृदय रोग विशेषज्ञ)

Gaurav Hospital
ईमानदार कोशिश... हमेशा!
गौरव सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के QR कोड को स्कैन करिये एवं स्वस्थ सम्बन्धी सभी जानकारी पायें।
62 63 13 14 90
AdPRAYAS
स्थान: होली क्रॉस स्कूल के सामने, मंगला चौक, बिलासपुर (छ.ग.)